Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide employment to local youth in industrial units in Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat and check pollution caused by industrial units in the region-laid.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): गुजरात के मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के अंतर्गत दहेज, अंकलेश्वर, पानौली, सगडिया जंबूसर तथा पास ही के बड़ौदा औद्योगिक क्षेत्र में कई औद्योगिक इकाइयां स्थापित हैं परन्तु इन औद्योगिक इकाइयों में यहां के स्थानीय लोगों को नौकरी पर नहीं रखा जाता है तथा अपेक्षित योग्यता न होने आदि का कारण बनाकर उन्हें नौकरी से वंचित कर दिया जाता है । यहां के स्थानीय युवाओं के समक्ष नौकरी का सवाल तो खड़ा ही है तथा विगत 4-5 साल से उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों में अग्निकांड तथा विस्फोट होने से फैलने वाले प्रदूषण से भी स्थानीय जनता और किसान बहुत परेशान हैं क्योंकि उक्त औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले धुएं तथा प्रदूषण से किसानों की फसलें भी प्रभावित होती हैं और स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता है । कई बार तो उपरोक्त क्षेत्रों में आगजनी और विस्फोट की ऐसी भयंकर घटनाएं घटती हैं जिसमें वहां के जनमानस में भय व्याप्त हो जाता है । इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि उपरोक्त औद्योगिक इकाइयों द्वारा प्रदूषण न फैलाने हेतु तत्काल उचित प्रबंध करें तथा स्थानीय युवाओं को नौकरी मिलना भी सुनिश्चित करें ।